हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, गुरुवार, 16 मई 2024

तापमान
अधिकतम 42 .5 डिग्री
न्यूनतम 23 .3 डिग्री

11 निष्पक्ष चुनाव के लिए जिला प्रशासन मुस्तैद, एफएसटी व एसएसटी टीम मुस्तैदी से कर रही कार्य



12 मॉडल टाउन थाने की जर्जर बिल्डिंग की मरम्मत का कार्य शुरू



## खबर संक्षेप

### रहस्यमय ढंग से गाड़ी चालक हुआ लापता

**धारूहेड़ा।** सोनाटी टी प्वांट पर एक गाड़ी चालक रहस्मय ढंग से लापता हो गया। पुलिस शिकायत में राजस्थान के अमरपुरा निवासी राहुल ने बताया कि उसकी गाड़ी दूध की सप्लाई में गुजरात से दिल्ली चलती है। उसके मुनीम का फोन आया कि गाड़ी चालक की तबियत खराब हो गई है। चालक राजस्थान के सांडला निवासी लोकेश गुर्जर 13 मई को धारूहेड़ा के पास खड़ी करने के बाद शौचादि के लिए गया था। इसके बाद वह गायब हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चालक की तलाश शुरू कर दी।

### मारपीट व धमकी देने के तीन आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देते हुए तोड़फोड़ करने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत के आधार पर गत वर्ष 19 नवंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने जयपुर के विराट नगर निवासी नरेंद्र सिंह, उसकी पत्नी कविता और टांकड़ी निवासी राजबीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को जांच में शामिल करने के बाद पुलिस बेल पर रिहा कर दिया।

### युवक पर पत्नी को भगा ले जाने का आरोप

**धारूहेड़ा।** क्षेत्र के एक गांव से महिला घर से लापता हो गई। पुलिस शिकायत में महिला के पति ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है। उसकी 29 वर्षीय पत्नी 13 मई को घर से अचानक लापता हो गई। अपने स्तर पर उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पड़ोस में रहने वाला युवक सुमित भी घर से लापता है, जिस कारण उसे संदेह कि वही उसकी पत्नी को अपने साथ लेकर गया है। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद दोनों की तलाश शुरू कर दी।

### ट्रक की बैट्री चोरी करने के आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने एक ट्रांसपोर्टर के ट्रक की बैट्री चोरी करने के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार किया है। रणधीर निवासी गढ़ी के ट्रक की बैट्री चोरी होने के बाद उसने अपने स्तर पर पूछताछ की थी। एक ऑडियो वायरल हो रही थी, जिसमें गढ़ी अलावलपुर निवासी निपेश की आवाज थी। पूछताछ करने पर निपेश ने अपने भाई नितिन के साथ बैट्री चोरी करना स्वीकार किया था। पुलिस ने दोनों भाइयों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

### कंपनी में चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**कसोला।** पुलिस ने औद्योगिक एरिया में एक कंपनी में चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रबंधन की शिकायत पर पुलिस ने 9 मई को चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। फतेहपुरी निवासी रवि सहित दो लोगों पर कंपनी से सामान चोरी करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी रवि को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश कर दिया, जहां से उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### कंपनी के गेट पर खड़ी बाइक ले गए चोर

**कसोला।** आईएमटी में एक कंपनी के गेट पर पार्किंग में खड़ी बाइक चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में रेवाड़ी के साधशाह नगर निवासी नितिन ने बताया कि वह कंपनी में काम करता है। घर से बाइक लेकर वह कंपनी में आया था। बाइक कंपनी के गेट पर पार्किंग में खड़ी करने के बाद वह काम पर चला गया। शाम के समय कंपनी से बाहर आया तो उसे बाइक गायब मिली। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

# बावल रोड पर डीटीपी की कार्रवाई, दो एकड़ में अवैध कॉलोनी की जमींदोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

- अवैध कॉलोनियों पर लगातार चल रही डीटीपी की कार्रवाई
- नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें लोग

डीटीपी मंदीप सिंह सिहाग के आदेश पर विभाग की टीम ने बुधवार को बावल रोड स्थित चांदपुर की ढाणी के पास अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी पर कार्रवाई की। डीटीपी की कार्रवाई से प्लॉटिंग करने वाले लोगों में खलबली मच गई। पुलिसबल की मौजूदगी में डीटीपी की कार्रवाई का कहीं विरोध नहीं हुआ। कॉलोनाइजर व डीलर नई कॉलोनियां विकसित करने में लगे हुए हैं। डीटीपी के निर्देश पर बुधवार को पुलिसबल व ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ टीम बावल रोड पर पहुंची। जहां डीटीपी की टीम ने 2 एकड़ जमीन पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को जमींदोज किया। टीम ने 15 डीपीपी, आरसीसी की ओर से निर्मित 8 चारदिवारी व कच्चे रोड नेटवर्क पर तोड़फोड की कार्रवाई की। पुलिसबल की मौजूदगी के कारण डीटीपी की इस कार्रवाई का कोई विरोध नहीं हो सका। डीटीपी की ओर से अवैध कॉलोनियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कार्यालय में ऐसे निर्माणों की सूची बनाकर तैयार की गई है, जिन पर किसी भी समय जेसीबी चल सकती है।



रेवाड़ी। बावल रोड पर अवैध कॉलोनी का निर्माण तोड़ती जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

### डीलरों के चंगुल से बचकर रहे लोग



डीटीपी मंदीप सिहाग ने बताया कि लोगों को बार-बार यह बताया जाता है कि वह प्लॉट खरीदने से पहले उनके कार्यालय में आकर पूछताछ जरूर करें। लोग प्रॉपर्टी डीलरों में चंगुल में फंसकर अवैध कॉलोनियों में प्लॉट खरीदते हैं। जब वह निर्माण शुरू करते हैं, तो विभाग की ओर से उन्हें गिराने की कार्रवाई की जाती है। इससे प्लॉट खरीदकर निर्माण करने वाले लोगों को दोहरा नुकसान उठाना पड़ता है। लोगों को चाहिए कि वह नियमित कॉलोनियों में ही प्लॉट या मकान खरीदें, ताकि उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना नहीं करना पड़े।

## सीबीएसई व एचबीएसई बारहवीं में जिले से 14248 विद्यार्थी पास हुए, कॉलेजों में करीब 10 हजार सीटों पर होंगे दाखिले

# दसवीं व बारहवीं का रिजल्ट आने के बाद आईटीआई में शुरू हुई दाखिलों की तैयारी, अभी शेड्यूल जारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

प्रदेश में एचबीएसई व सीबीएसई दसवीं व बारहवीं का रिजल्ट घोषित हो चुका है। रिजल्ट जारी होने के बाद दसवीं व बारहवीं पास कर चुके विद्यार्थियों के लिए आईटीआई में एडमिशन के लिए शेड्यूल जारी होने का इंतजार है, जबकि जिले की सभी आईटीआई में तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके अलावा पॉलिटेक्निक कॉलेजों में एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुके है, जोकि 3 जून तक जारी रहेंगे। उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से जिले के कॉलेजों में अभी परीक्षाएं चल रही हैं। जून में परीक्षा खत्म होने पर एडमिशन की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिले में 11 सरकारी, एडिड और प्राइवेट सहित कुल 20 कॉलेज है, जिनमें करीब 10 हजार सीटों पर दाखिले किए जाएंगे, जबकि इस वर्ष एचबीएसई व सीबीएसई बोर्ड में जिले से 14248 विद्यार्थी पास हुए है। इस वर्ष हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड दसवीं में 8430 व बारहवीं में 6626 विद्यार्थी पास हुए है, जबकि सीबीएसई बोर्ड दसवीं में 8679 व बारहवीं में 7622 विद्यार्थियों ने उत्तीर्ण होने में सफलता पाई है। आईटीआई व पॉलिटेक्निक कॉलेजों में विद्यार्थियों की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क भी शुरू कर दी गई है।

### कॉलेजों में चल रही अभी परीक्षा

उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से कॉलेजों में स्नातक कोर्स में दाखिले के लिए अभी शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। कॉलेजों में अभी परीक्षा चल रही है। परीक्षा के समापन पर मई के अंत या जून के शुरू में दाखिले की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। जिले के करीब 20 कॉलेजों में 10 हजार सीटों पर एडमिशन होंगे, जबकि इस वर्ष सीबीएसई व एचबीएसई में पास होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 14248 है।



रेवाड़ी। पटौदी रोड स्थित राजकीय आईटीआई। फोटो :हरिभूमि

### आईटीआई में दाखिले के लिए तैयार रखे दस्तावेज

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा की ओर जिले की सभी राजकीय एवं निजी आईटीआई में विभिन्न इंजीनियरिंग तथा गैर इंजीनियरिंग व्यवसायों में जल्द ही दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी। जिले में 9 सरकारी के साथ ही करीब 14 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 6 हजार के करीब सीटों पर आवेदन होंगे। विभिन्न दाखिले चरणों में मेरिट सीट अलॉटमेंट जारी करने के कार्यक्रम की सूचना वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगी। प्रार्थियों को शैक्षणिक योग्यता, आरक्षण एवं स्थाई निवास इत्यादि मूल प्रमाण पत्रों की स्कैन प्रतियां दाखिला फार्म में अपलोड करनी होंगी। दाखिले के लिए प्रार्थियों के पास निजी ई-मेल आईडी, मोबाइल नंबर, परिवार पहचान पत्र और आधार कार्ड होना अनिवार्य है।

### पॉलीटेक्निक संस्थानों में चल रही प्रक्रिया

जिले के दो सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज लिसाना व धामलावास में ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है। पॉलिटेक्निक कॉलेजों में 10वीं पास के लिए तीन साल व 12वीं पास के लिए दो साल के कोर्स है। लिसाना कॉलेज में विभिन्न ब्रांचों की 360-360 सीटों पर दाखिले होंगे। लिसाना में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के लिए 60, मेडिकल लैब टेक्नालॉजी 60, सिविल इंजीनियरिंग 60, कंप्यूटर इंजीनियरिंग 60, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग 60 व इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग के लिए 60 सीटें उपलब्ध है। धामलावास पॉलिटेक्निक कॉलेज में ऑटोमोबाइल इंजीनियरिंग में 60, इलेक्ट्रिकल में 60, मैकेनिकल में 60, मेडिकल लैब टेक्नालॉजी में60, कंप्यूटर इंजीनियरिंग में 60, इलेक्ट्रानिक्स में 30 व इंस्ट्रमेंशन एंड कंट्रोल कोर्सेज में 30 सीटों पर दाखिले होंगे।

### आईटीआई में जल्द शुरू होंगे आवेदन जरूरी दस्तावेज तैयार करले विद्यार्थी



*शेड्यूल आने पर आईटीआई में जल्द ही एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू किए जाएंगे। दाखिले के इच्छुक विद्यार्थी साइबर कैफे व आईटीआई में आकर आवेदन कर सकेंगे। दाखिला प्रक्रिया शुरू होने से पहले आवेदक अपने पूरे जरूरी दस्तावेज तैयार रखे, ताकि बाद में कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।*
*-सुनील यादव, प्राचार्य,आईटीआई।*

# स्मैक के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

एंटी नारकोटिक्स सेल की टीम ने उष्मापुर-गुरावड़ा रोड पर बाइक लेकर स्मैक बेचने के लिए खड़े एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से स्मैक और बाइक बरामद करने के बाद रोहड़ाई पुलिस थाने में केस दर्ज कराया गया है।

सेल की टीम को सूचना मिली थी कि उष्मापुर निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है। वह अपने गांव से गुरावड़ा की ओर जाने वाले रोड पर बाइक लेकर नशीला पदार्थ बेचने के लिए खड़ा है। सूचना मिलने के बाद सेल की टीम मौके पर पहुंची तो वहां खड़े युवक ने बाइक लेकर भागने का प्रयास किया। टीम ने पीछा करते हुए आरोपी को काबू कर लिया। उसकी डीएसपी आशीष कुमार की मौजूदगी में तलाशी ली गई। आरोपी के कब्जे से 7.19 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बाइक व स्मैक जब्त करने के साथ ही उसे रोहड़ाई पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी से पूछताछ शुरू कर दी।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### मांढैया में फायरिंग करने का एक और आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने मांढैया में गत 12 अप्रैल को एक ऑफिस में तोड़फोड़ करने और फायरिंग करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। मांढैया कलां निवासी आशीर्वाद ने पुलिस शिकायत में बताया था कि वह 12 अप्रैल को अपने खेत में गया हुआ था। परिजनों ने उसे फोन पर बताया कि एक गाड़ी में आए कई युवकों ने उसके ऑफिस में तोड़फोड़ की। पुलिस को फोन करने पर आरोपी ऑफिस के बाहर फायरिंग करने के बाद फरार हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस को एक गोली का खोल भी मिला था, जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया था।

# हांसाका में चोरों का उत्पात कई दुकानों के ताले तोड़े

**रेवाड़ी।** हांसाका बस स्टैंड पर मंगलवार की रात चोरों ने कई दुकानों को अपना निशान बनाते हुए चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए चोरी का केस दर्ज कर लिया। बालियर खुर्द निवासी जितेंद्र की हांसाका बस स्टैंड पर मोबाइल की दुकान है। मंगलवार देर सायं वह दुकान बंद करने के बाद घर चला गया था। बुधवार सुबह उसके पड़ोसी ने फोन पर बताया कि दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ है। सूचना मिलने के बाद बाद वह तुरंत दुकान पर पहुंच गया। उसने दुकान पर आकर देखा तो 18 स्मार्ट फोन, 10 की-पैड फोन, एलसीडी, मोबाइल का सामान व लगभग 2 हजार रुपये गायब मिले। आसपास पता करने पर इस बात की जानकारी मिली कि चोर मोबाइल की दो अन्य दुकानों के साथ-साथ परचून व किताबों की दुकान के ताले तोड़कर वहां से भी सामान चोरी करके ले गए हैं।

### कार की चपेट में आकर महिला की मौत

**रेवाड़ी।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर धारूहेड़ के पास कार की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई। कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू कर दी। मूल रूप से यूपी के नानाखेरी निवासी सूरज का परिवार सहगल कॉलोनी धारूहेड़ा में रहता है। उसका परिवार मेहनत मजदूरी करता है। मंगलवार की रात सूरज और उसकी मां एक होटल के पास कबाड़ी बीनने के बाद सड़क पर आ गए। दो सड़क के किनारे खड़े होकर विकास का इंतजार कर रहे थे। जयपुर की ओर से आ रही एक कार ने उसकी मां शिवानी को टक्कर मार दी। शिवानी को गंभीरावस्था में अस्पताल में दाखिल कराया गया। देर रात उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। कार चालक एक बार रुकने के बाद भीड़ एकत्रित होती देखकर फरार होने में कामयाब हो गया।

# कांग्रेस का न विजन, न दिखाने को विकास : आरती राव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव ने बुधवार को अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान कांग्रेस पर जमकर वार किए। आरती ने कहा कि मुद्दा विहीन कांग्रेस जनता के बीच जाकर झूठ फैलाने के लिए अलावा कुछ नहीं कर पा रही है। कांग्रेस के पास बताने को न विजन है और न दिखने को विकास। भाजपा सरकार हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखकर काम कर रही है। उनके पिता की कथनी और करनी में कोई फर्क नहीं है। जो कहा, वह करके दिखाया है। जिन परियोजनाओं के बारे में हम सपने में भी नहीं सोचते थे, उन्हें राव इंद्रजीत सिंह साकार करके दिखाया है। भाजपा ने विकास के इतने काम कराए हैं कि कांग्रेस भी समझ नहीं पा रही है कि आखिर कौन से मुद्दे को लेकर भाजपा को कटघरे में खड़ा किया जाए। जब उन्हें रास्ता नहीं मिला तो लोगों के बीच भाजपा के सत्ता में आने के बाद संविधान बदलने और आरक्षण खत्म करने का शगूफा छोड़ा जा रहा है। आरती राव ने कहा कि उनके पिता ने पिछले 10 वर्षों में गुरुग्राम की तस्वीर बदलने का कार्य किया है।

### डहीना कैंप में 55 यूनिट रक्त एकत्रित

**रेवाड़ी।** गांव डहीना में बुधवार को ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि डा. अनुराधा ने कैंप का उद्घाटन करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान करना चाहिए, जिससे जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सके। कैंप में 55 यूनिट रक्तदान की गई। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान होता है और रक्तदान में युवाओं को विशेष तौर पर आगे बढ़कर भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर बिजेन्द्र डहीना, मास्टर रघुनाथ, आजाद, बिक्रम बोहरा, सतपाल, राकेश, दिनेश तथा सिविल अस्पताल से मंजीत यादव नर्सिंग ऑफिसर, नरेश, विजेंद्र, संजय, गौरव व दिनेश मौजूद थे।



रेवाड़ी। कैंप का उद्घाटन करते हुए डा. अनुराधा।

**मौसम** 46 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है पारा, अब झुलसाने वाली गर्मी की दस्तक

# अगले दो-तीन दिन में रिकॉर्ड तोड़ सकती है गर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

मौसम बहुत जल्द खतरे की घंटी बजाने वाला है। आमसान साफ होते ही तापमान बढ़ना शुरू हो गया है। अगले दो-तीन दिन में तापमान 45 डिग्री के पार हो सकता है, जिससे लोगों को लू के प्रकोप का सामना करना पड़ेगा। सप्ताह के अंत तक लू का भारी प्रकोप शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। इस बीच आसमान में बादल भी छा सकते हैं, लेकिन गर्मी का असर कम नहीं होगा। बुधवचार को सुबह से ही आसमान साफ रहने के बाद तेज धूप ने दोपहर तक हवाओं को गर्म बना दिया। अधिकतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 42.5 पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान 0.2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ 23.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात का तापमान अपेक्षाकृत कम होने के कारण अभी तेज लू का प्रकोप शुरू नहीं हुआ है। अगले दो दिन में दिन और रात का तापमान तेजी से बढ़ सकता है। इसके बाद प्रचंड गर्मी का सामना करना पड़ेगा। मौसम विशेषज्ञ डा. चंद्रमोहन के अनुसार आने वाले दिनों में एनसीआर में भीषण आग उगलने वाली गर्मी अपने प्रचण्ड तेवरों से आगाज करेगी। लू का जबरदस्त प्रकोप बनेगा, जो लोगों को जमकर परेशान करेगा। एनसीआर में मौसम आमतौर पर शुष्क बना रहेगा क्योंकि आने वाले दिनों में थार मरुस्थल से सीधी पश्चिमी शुष्क गर्म हवाएं चलेंगी। सूर्य की चमकदार सुनहली धूप खिली रहने से तपिश बढ़ने लगेगी। उन्होंने बताया कि अधिकतम तापमान 45 और न्यूनतम 30 डिग्री से भी ज्यादा चले जाने के बाद लोगों को भारी गर्मी का सामना करना पड़ेगा।



रेवाड़ी। भीषण गर्मी में सूना पड़ा सेक्टर-18 का रोड। फोटो :हरिभूमि

### पावर कटों का भी करना पड़ेगा सामना

तीन दिन पहले हल्की बूंदाबांदी के बाद मौसम अनुकूल होने से बिजली की खपत कम हो गई थी। तापमान बढ़ने के साथ बिजली की मांग में एक बार फिर से वृद्धि होना शुरू हो गया है। दो दिन बाद गर्मी का प्रकोप बढ़ते ही जिले में बिजली की मांग 80 से 90 लाख यूनिट तक पहुंच सकती है। इसके बाद बिजली निगम बार-बार पावर कट लगा सकता है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। गर्मी से बिजली संकट से निपटने के लिए निगम ने व्यापक इंतजाम करने भी शुरू कर दिए हैं।

### रेलवे स्टेशन पर यात्री का बैग उड़ाया

**रेवाड़ी।** रेलवे स्टेशन पर चंडीगढ़ से आए एक यात्री का बैग चोरी हो गया। बैग में नकदी, मोबाइल फोन व दस्तावेज थे। जीआरपी ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। जीआरपी को दर्ज शिकायत में अलवर के सराय कलां निवासी सुनील कुमार एडवोकेट ने बताया कि वह अपनी मां के साथ ट्रेन में चंडीगढ़ से आया था। वह अलवर की ओर जाने वाली ट्रेन का इंतजार करने के लिए प्लेटफार्म पर खड़ा हुआ था। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति उसका बैग लेकर फरार हो गया। बैग में रखे पर्स में 10 हजार रुपये थे, जबकि उसकी का एटीएम और अन्य दस्तावेज भी बैग के अंदर थे। जीआरपी ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। जीआरपी सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोर का पता लगाने के प्रयास कर रही है।



फिटनेस फंडा / करण मेहरा

## डेली वर्कआउट के लिए टाइम मैनेज करता हूं

इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट टीवी पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'मेहंदी वाला घर' में मनोज अग्रवाल के किरदार में एक्टर करण मेहरा नजर आ रहे हैं। अपनी फिटनेस को मेंटेन करने के लिए वे क्या कुछ एफर्ट्स करते हैं, जानिए उन्हीं की जुबानी।



करण मेहरा टीवी इंडस्ट्री के पॉपुलर एक्टर्स में शामिल हैं। वे अच्छे एक्टर होने के साथ अपनी फिटनेस को लेकर भी कॉन्शस रहते हैं। यहां **हरिभूमि** से अपना फिटनेस फंडा शेयर कर रहे हैं करण मेहरा।

### फिटनेस आइडियल

वैसे तो मेरा कोई फिटनेस आइडियल नहीं है। लेकिन फिल्म स्टार रितिक रोशन को मैं लाइक करता हूं क्योंकि वे बहुत फिटनेस फ्रीक हैं। उन्होंने अपनी बॉडी को अच्छा मेंटेन कर रखा है। उनकी बॉडी फिटनेस को आइडियल बॉडी कहा जा सकता है। उनसे मैं इंस्पायर होता हूं।

### डाइट प्लान

हेल्दी रहने के लिए मेरा कोई खास डाइट प्लान नहीं है। मैं हेल्दी फूड्स लेने में बिलीव करता हूं। दिन भर कुछ खाते रहने के बजाय मैं सिर्फ दो बार हेल्दी और न्यूट्रिशस फूड्स खाता हूं-लंच एंड डिनर। कुछ लोग अपने लिए स्पेशल टाइप के डाइट प्लांस बनाते और उसे फॉलो करते हैं, लेकिन मैंने ऐसा कभी नहीं किया।

### वर्कआउट रूटीन

मैं कोई पर्टिकुलर वर्कआउट नहीं करता हूं। मेरा मानना है कि जब आप किसी भी तरह की एक्सरसाइज या वर्कआउट डेली करते हैं तो यह बॉडी के लिए बहुत ही अच्छा होता है। वर्कआउट के लिए मैं डेली सुबह सात बजे तक जिम पहुंच जाता हूं। निश्चित समय तक एक्सरसाइज करने के साथ रूटीन वर्क के बाद नौ बजे तक शूटिंग के लिए सेट पर पहुंच जाता हूं।

### करता हूं टाइम मैनेजमेंट

यह सही है कि मेरा शेड्यूल बहुत बिजी रहता है, ऐसे में एक्सरसाइज के लिए टाइम निकालना टफ होता है, लेकिन ऐसा करना जरूरी है। इसलिए मुझे टाइम मैनेज करना ही पड़ता है। अगर शूटिंग के लिए सुबह नौ बजे की शिफ्ट हो तो सुबह सात बजे जिम जाकर वर्कआउट करता हूं। अगर शूटिंग की शिफ्ट किसी दिन सुबह सात बजे ही होती है तो मैं शाम को वर्कआउट के लिए जाता हूं। यानी किसी भी तरह से वर्कआउट के लिए मैं टाइम मैनेज करता हूं।

### रीडर्स को मैसेज

मेरा मानना है कि हर किसी को अपनी बॉडी और इसकी स्ट्रेंथ के बारे में पता होता है। इसलिए कोई एक ही फंडा सभी पर लागू नहीं हो सकता है। मैं तो यही सलाह दूंगा कि अपनी शारीरिक क्षमता और पसंद के हिसाब से वर्कआउट करें। वर्कआउट और डाइट के बीच बैलेंस बनाना जरूरी है। इससे हम हेल्दी और फिट रह सकते हैं।

### ऐसे रहता हूं मेंटली हेल्दी

हैप्पी लाइफ के लिए फिजिकल हेल्थ के साथ मेंटल हेल्थ पर ध्यान देना भी बहुत जरूरी है। मेंटली हेल्दी रहने के लिए मैं हमेशा खुश रहने की कोशिश करता हूं। आजकल की लाइफ में इतनी भाग-दौड़ और तनाव बढ़ता जा रहा है कि लोगों का खुश रहना बहुत मुश्किल हो गया है। जबकि मेंटली हेल्दी रहने के लिए खुश रहना सबसे जरूरी है। इसलिए मैं खुश रहने का प्रयास करता हूं। *

प्रस्तुति: सेहत डेस्क

---


स्पेशल: वर्ल्ड हाइपरटेंशन-डे, 17 मई

आज के दौर में हाई बीपी को लोग कॉमन हेल्थ प्रॉब्लम मानने लगे हैं। लेकिन इसे लेकर लापरवाही बरतना सही नहीं है, क्योंकि इसकी वजह से आप कई अन्य खतरनाक बीमारियों से ग्रस्त हो सकते हैं। हम आपको यहां विस्तार से बता रहे हैं कि हाई ब्लड प्रेशर किस तरह की समस्याएं बढ़ाता है और किस तरह से आपको इससे बचना चाहिए?

## लाइफस्टाइल-डाइट सुधारकर कंट्रोल कर सकते हैं हाइपरटेंशन







डॉक्टर्स एडवाइस

आज वैश्विक स्तर पर हाई ब्लड प्रेशर की समस्या गंभीर रूप से कई लोगों को प्रभावित कर रही है। पहले के समय में यह समस्या उम्र बढ़ने के साथ होती थी लेकिन वर्तमान समय में बहुत से युवा भी इस समस्या की चपेट में आ रहे हैं। हाई ब्लड प्रेशर से होने वाले खतरों के बारे में लोग सतर्क रहें और बचाव के लिए जागरूक रहें, इसी उद्देश्य से हर साल 17 मई को वर्ल्ड हाइपरटेंशन-डे मनाया जाता है। इस बारे में जानना सभी के लिए जरूरी है।

### बढ़ता है कई बीमारियों का रिस्क

नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम में सीनियर डायरेक्टर एंड प्रोग्राम हेड- कार्डियक साइंसेज, **डॉ. हेमंत मदान** के अनुसार, 'सामान्य रूप से एक स्वस्थ व्यक्ति का ब्लड प्रेशर 120/80 होता है। हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति में व्यक्ति का ब्लड प्रेशर इस नॉर्मल वैल्यू के ऊपर पहुंच जाता है। ऐसे में शरीर की धमनियों में रक्त का दबाव अधिक बढ़ जाता है। अकसर दिनभर में रक्त चाप कई बार बढ़ता और कम होता रहता है, लेकिन अगर हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति लंबे समय तक रहती है तो यह सेहत के लिए हानिकारक हो सकती है और इसके कई दुष्प्रभाव सामने आ सकते हैं। इस समस्या के कारण हार्ट डिजीजेज, हार्ट फेलियर और स्ट्रोक जैसी अनेक बीमारियां होने का खतरा रहता है।'

### हाई ब्लड प्रेशर के कारण

हाई ब्लड प्रेशर के कारणों के बारे में श्री बालाजी एक्शन मेडिकल इंस्टीट्यूट, दिल्ली में इंटरवेंशनल, क्लिनिकल, क्रिटिकल कार्डियोलॉजी एंड इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी के सीनियर कंसल्टेंट **डॉ. अविनाश बंसल** बताते हैं, 'ज्यादातर हाई ब्लड प्रेशर के मामलों में कोई एक कारण जिम्मेदार नहीं होता है। अनियमित जीवनशैली, खराब खान-पान, आनुवांशिक कारण और प्रदूषण से जुड़े हुए कारण जब सामूहिक रूप से लंबे समय तक किसी व्यक्ति को प्रभावित करते हैं, तो हाई ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ने लगती है। शारीरिक गतिविधि की कमी, जंक फूड और प्रोसेस्ड फूड का अधिक सेवन, अनियमित लाइफस्टाइल, अधिक सिगरेट और शराब का सेवन व्यक्ति को हाइपरटेंशन का शिकार बना देता है। इसके अलावा तनाव भी मुख्य रूप से हाई ब्लड प्रेशर के लिए जिम्मेदार होता है क्योंकि अधिक तनाव के कारण ऐसे हार्मोंस निकलते हैं, जो रक्त वाहिकाओं पर दबाव डालते हैं और ब्लड प्रेशर बढ़ने लगता है। ऐसे में इन कारणों को समझ कर लाइफस्टाइल में आवश्यक परिवर्तन करना जरूरी है।'



### हाई ब्लड प्रेशर के प्रमुख लक्षण

हाई ब्लड प्रेशर के लक्षणों के बारे में नारायणा हॉस्पिटल और आरएन टैगोर हॉस्पिटल, दिल्ली के सीनियर कंसल्टेंट-कार्डियक सर्जरी **डॉ. ललित कपूर** डिटेल में बताते हैं, 'हाई ब्लड प्रेशर को एक तरह से साइलेंट किलर के नाम से भी जाना जाता है। अकसर ऐसा देखा गया है कि हाई ब्लड प्रेशर के मरीज में लक्षण या किसी भी तरह के संकेत जल्दी देखने को नहीं मिलते हैं, लेकिन इसके कुछ सामान्य लक्षण हैं, जिनका पता लगने के बाद आप ब्लड प्रेशर की जांच करा सकते हैं। इन लक्षणों में चक्कर आना, सांस लेने में मुश्किल होना, थकान, नाक से खून आना, अकसर सिर दर्द रहना, नजर में परिवर्तन आना, सीने में दर्द महसूस होना और यूरिन के साथ ब्लड आना जैसे लक्षण शामिल हैं। ऐसे लक्षणों के प्रति सतर्कता आवश्यक है। भूलकर भी ऐसे लक्षणों के प्रति लापरवाही ना बरतें और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करके आवश्यक जांच कराएं।'

### हाई बीपी से बचाव के उपाय


हाई बीपी से बचाव के उपायों के बारे में धर्मशिला नारायणा सुपरस्पेशिएलिटी हॉस्पिटल, दिल्ली में डायरेक्टर-कार्डियोलॉजी **डॉ. समीर कुब्बा** बताते हैं, 'लंबे समय तक हाई ब्लड प्रेशर की स्थिति शरीर में कई गंभीर बीमारियां उत्पन्न कर सकती हैं, इसलिए बचाव के तौर पर आपको कुछ सावधानी बरतने की आवश्यकता है। सबसे पहले तो आप नमक का सेवन सीमित करें, शराब का सेवन और धूम्रपान बिल्कुल भी ना करें, अपने तनाव को कम करने के लिए व्यायाम और योग को प्राथमिकता दें, फास्ट फूड के सेवन से बचें, सिर्फ पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थों का ही सेवन करें। चाय और कॉफी का सेवन भी कम करें। इसके अलावा नियमित रूप से अपने ब्लड प्रेशर की जांच कराते रहें और डॉक्टर के संपर्क में बने रहें।' *

### नॉर्मल बीपी और हाई बीपी में क्या होता है अंतर

अमेरिका की ओहियो स्टेट यूनिवर्सिटी में वेकस्नर मेडिकल सेंटर में कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. जिम ल्यू कहते हैं, 'ब्लड प्रेशर वह फोर्स है, जिसका प्रयोग हमारा ब्लड आर्टिरीज वॉल्स में प्रवेश के लिए करता है। हमारा हार्ट ब्लड पंप करता है तो यह ऑक्सीजन से युक्त रक्त को हमारी आर्टिरीज में धकेलने के लिए बल का प्रयोग करता है। यहीं से यह हमारी विभिन्न कोशिकाओं और ऊतकों तक पहुंचता है। यह काम दिन भर होता रहता है और प्रति मिनट 60 से 100 बार तक होता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन और अमेरिकन कॉलेज आफ कार्डियोलॉजी ने सामान्य ब्लड प्रेशर 120/80 बताया है। यू एस सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन ने 130 /80 या इससे ज्यादा बीपी को हाई बीपी बताया है।

-अंजू जैन

### हाई बीपी को लेकर कई लोग करते हैं लापरवाही



**हाई ब्लड प्रेशर** के खतरे के बारे में लोग आज भी जागरूक नहीं हैं, जिस कारण अधिकांश लोग आज भी आसानी से इसकी चपेट में आ जाते हैं। आईसीएमआर के राष्ट्रीय रोग सूचना विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा कराए गए एक नए अध्ययन में पता चलता है कि भारत में 18 से 54 साल के उम्र वाले 30 प्रतिशत लोगों ने कभी अपना ब्लड प्रेशर नहीं नपवाया है। यह अध्ययन हाल ही में इंटरनेशनल जर्नल ऑफ पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित हुआ है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, हाई ब्लड प्रेशर का मतलब है कि नसों में खून का फ्लो तेज होना। डॉक्टरों का कहना है कि हाई ब्लड प्रेशर दिल का दौरा, ब्रेन स्ट्रोक और लंबे समय में किडनी खराब होने जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। अध्ययन में यह भी पाया गया कि देश में प्री-हाइपरटेंशन यानी शुरुआती हाई ब्लड प्रेशर की दर भी विभिन्न जिलों में 34 प्रतिशत तक है। प्री-हाइपरटेंशन वह अवस्था है, जहां ब्लड प्रेशर सामान्य से थोड़ा अधिक होता है, लेकिन हाई ब्लड प्रेशर की श्रेणी में अभी नहीं आता। इस अध्ययन में शामिल डॉक्टरों का कहना है कि अध्ययन इस बात की ओर इशारा करता है कि भारत में लोगों को अपने सेहत के प्रति जागरुकता बढ़ाने की जरूरत है। नियमित रूप से ब्लड प्रेशर की जांच करवाना बहुत जरूरी है। खासकर 40 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए।

-अजेश कुमार

---

डिजीज

डॉ. अरु हांडा
सीनियर कंसल्टेंट-ईएनटी डिपार्टमेंट
मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम

अगर आपकी नाक अकसर बंद महसूस होती है और आपको सांस लेने में परेशानी होती है तो सचेत हो जाएं। यह साइनस का लक्षण हो सकता है। क्यों होता ऐसा और इससे कैसे करें बचाव, जानिए।

## ईजिली हो सकता है साइनस ट्रीटमेंट





जब नाक बंद होने के कारण रात को ठीक से नींद ना आए तो ऐसी शारीरिक दशा को साइनोसाइटिस या साइनस कहते हैं। पहले सह समझना जरूरी है कि आखिर यह रोग होता क्या है?

**क्या है साइनस :** सिर के स्कैल्प की हड्डियों में असंख्य बारीक छिद्र होते हैं, जिनके माध्यम से ब्रेन तक ऑक्सीजन पहुंचती है। सर्दी-जुकाम होने की स्थिति में इन छिद्रों में कफ भर जाता है, जिससे सांस लेने में तकलीफ के साथ सिर में बहुत भारीपन महसूस होता है। आमतौर पर सर्दी-जुकाम को ठीक होने में तीन से चार दिन लग जाते हैं, लेकिन कुछ लोगों को जुकाम बहुत कम होता है, एक या दो दिनों के बाद ही रनिंग नोज की समस्या दूर हो जाती है, इससे नाक से गंदगी बाहर नहीं निकल पाती। कुछ समय के बाद यही कफ साइनस का रूप धारण कर लेता है। इसीलिए सर्दी-जुकाम होते ही उसे दवा लेकर रोकने की कोशिश नहीं करनी चाहिए क्योंकि इससे साइनस हो सकता है।

**साइनस के प्रकार :** लक्षणों की तीव्रता के आधार पर साइनस को विभिन्न रूपों में बांटा जा सकता है।

**एक्यूट :** इसमें नाक से पानी गिरना या अचानक नाक बंद हो जाना दोनों ही स्थितियां हो सकती हैं। कई बार यह समस्या महीनों तक बनी रहती है। बैक्टीरियल इंफेक्शन इसकी प्रमुख वजह है। यह संक्रमण लोगों की सांस की नली के ऊपरी हिस्से में होता है, इसे दूर करने के लिए एंटीबायोटिक्स, पेन किलर और नेजल ड्रॉप लेने की जरूरत पड़ती है। अधिक मात्रा में पानी पीना और स्टीम लेना भी इस समस्या से बचाव में मददगार होता है।

**सब एक्यूट साइनस :** इसके लक्षण भी एक्यूट जैसे ही होते हैं, लेकिन महीने भर में यह समस्या आसानी से दूर हो जाती है।

**रीक्यूरेंट :** जिन्हें पहले से अस्थमा या एलर्जी की समस्या हो, उसके साथ ही अगर उनमें बंद नाक जैसे लक्षण नजर आएं तो इसे रीक्यूरेंट साइनस कहा जाता है।

**क्रॉनिक :** जब यह समस्या वर्षों तक ठीक नहीं होती और इसकी वजह से अगर किसी को नाक में जलन, दर्द और सूजन जैसी परेशानियां होती हैं तो ऐसी दशा को क्रॉनिक साइनोसाइटिस कहा जाता है। इसकी वजह से सिर में दर्द और व्यवहार में चिड़चिड़ापन जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**प्रमुख लक्षण :** सिर और आंखों में तेज दर्द, आवाज में भारीपन, हल्का बुखार और बेचैनी, जबड़े, गालों और दांतों में दर्द, सूंघने की क्षमता प्रभावित होना, भोजन में अरुचि और कभी-कभी नाक से पानी गिरना और छींकें आना।

**क्या है वजह :** कुछ लोगों की नाक की हड्डी का आकार अपने आप बढ़ जाता है, जिससे यह समस्या हो सकती है। चेहरे या नाक पर गंभीर चोट लगने से ऐसा हो सकता है। जो लोग किसी खास तरह की एलर्जी के प्रति संवेदनशील होते हैं, उन्हें भी यह बीमारी हो सकती है। प्रदूषण भरे वातावरण में रहने या अधिक मात्रा में सिगरेट पीने वाले लोगों को भी ऐसी समस्या हो सकती है।

**रखें ध्यान :** अपने कमरों के कार्पेट, गद्दों, तकिए आदि की सफाई का विशेष ध्यान रखें, उनमें जमा होने वाले धूलकणों से एलर्जी हो सकती है, अगरबत्ती, परफ्यूम जैसी तेज गंध वाली चीजों से दूर रहें, घर में क्रॉस वेंटिलेशन की व्यवस्था होनी चाहिए। अगर एसी वाले कमरे से बाहर निकलकर तेज धूप में जाना हो तो आधा घंटे पहले एसी बंद कर दें। जिन्हें वायरल इंफेक्शन हो, उनसे दूर रहने की कोशिश करें, स्टीम लेना भी फायदेमंद साबित होता है। अगर आप इन बातों का ध्यान रखेंगे तो आपके लिए साइनस से बचाव आसान हो जाएगा। *

प्रस्तुति:विनीता

---


प्रिकॉशन

शिखर चंद जैन

तपती गर्मी के मौसम में धूप में ज्यादा समय रहने से हीट वेव या लू लगने का रिस्क रहता है। लू लगने पर अगर तुरंत उपचार ना किया जाए तो पेशेंट की कंडीशन बिगड़ सकती है। इस बारे में आपके लिए बहुत जरूरी सलाह।

## हीट वेव से रहें सावधान





इन दिनों देश के कई राज्यों में हीट वेव यानी लू चल रही है। मौसम विभाग की मानें तो अगले कुछ दिनों में तापमान और भी बढ़ सकता है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहना चाहिए, वरना तमाम बीमारियों और यहां तक कि डेथ का भी जोखिम हो सकता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार 1998-2017 तक लू के कारण दुनियाभर में 1,66,000 से अधिक लोगों की मौत हुई थी। प्रदूषण, जंगलों की कटाई, जलवायु परिवर्तन और अन्य कई कारणों से हीट वेव का खतरा लगातार बढ़ रहा है। हीट वेव की वजह से बुजुर्गों, छोटे बच्चों और गर्भवती महिलाओं को सबसे ज्यादा रिस्क होता है।

**क्या है हीट वेव :** जब तापमान 40 डिग्री के पार कर जाता है और गर्म हवाएं चलने लग जाती हैं, तो इसको हीट वेव यानी लू कहते हैं। इतने तापमान में लगातार कई घंटों तक धूप में रहने से व्यक्ति लू की चपेट में आ सकता है। आमतौर पर 40 डिग्री से अधिक तापमान में तीन से चार घंटे लगातार रहने के बाद शरीर में हीट वेव का असर दिखना शुरू हो जाता है।

**लू लगने के लक्षण :** हीट वेव यानी लू की चपेट में आने से अचानक तेज सिर दर्द होना, पसीना बहुत ज्यादा आना या बिल्कुल न आना, चक्कर आना, उल्टी, मांसपेशियों में दर्द आदि लक्षण दिखाई देते हैं। ब्लडप्रेशर लो हो जाता है, महत्वपूर्ण अंग (विशेषतः ब्रेन) तक ब्लड सप्लाई रुक जाती है। इस स्थिति में व्यक्ति कोमा में जा सकता है और उसके शरीर के एक-एक अंग कुछ ही क्षणों में काम करना बंद कर देते हैं और उस व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है।

**क्या करें :** गर्मी के मौसम में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच बाहर निकलने से बचें। लगातार थोड़ा-थोड़ा पानी पीते रहना चाहिए, कम से कम 3-4 लीटर पानी जरूर पिएं। जहां तक संभव हो, ब्लड प्रेशर पर नजर रखें। ठंडे पानी से नहाएं। फल और सब्जियों को भोजन मे ज्यादा स्थान दें। *

**(जनरल फिजिशियन डॉ. विकास अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)**

**किडनी-हार्ट पर पड़ता है असर:** अधिक गर्मी की वजह से पसीना ज्यादा निकलता है और शरीर डिहाइड्रेट होने लगता है। अगर इस दौरान कोई व्यक्ति पानी नहीं पीता है तो शरीर में पानी की कमी होने लगती है। इससे किडनी के फंक्शन पर असर पड़ने लग जाता है और किडनी फेल भी हो सकती है। इसी प्रकार हार्ट को भी जरूरत से ज्यादा काम करना पड़ता है, रक्त गाढ़ा हो जाता है और धमनियां कड़ी हो जाती हैं तो इससे हार्ट फेल्योर हो सकता है।

---

घरेलू औषधि

## गर्मियों में लाभकारी सत्तू का सेवन



गर्मी का प्रकोप बढ़ने के साथ ही लोग इससे बचाव के सभी संभव उपाय करने लगते हैं। कुछ लोग कोल्ड ड्रिंक भी पीते हैं। हालांकि इससे कुछ ठंडक तो महसूस होती है लेकिन इसका शरीर पर दुष्प्रभाव भी पड़ता है। कुल्फी, नारियल पानी, शिकंजी, गन्ने का रस की मांग भी बढ़ जाती है। इनके अतिरिक्त गर्मियों में स्वास्थ्य के लिए अत्यंत फायदेमंद खाद्य पदार्थ सत्तू भी है। इसे भुने हुए जौ और चने को पीसकर बनाया जाता है। इसे खाया भी जा सकता है या शीतल पेय के रूप में पिया भी जा सकता है। सत्तू में बहुत सारे खनिज मौजूद होते हैं। इनमें कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन और पोटैशियम आदि प्रमुख हैं। इसके सेवन के तरीके भी अलग-अलग हैं। कोई कालीमिर्च और नमक मिलाकर आटे की तरह गूंथ (गूंद कर) प्याज के साथ या पानी में घोलकर नीबू का रस मिलाकर और कुछ लोग तो इसमें घी और शक्कर मिलाकर खाते हैं। गर्मी में कैसे भी खाएं, सत्तू लाभ ही करेगा।

**कई तरह से फायदेमंद:** इस मौसम में तेज गर्म हवाएं, झुलसाने वाली धूप शरीर को हानि पहुंचाती है। इसके फलस्वरूप त्वचा झुलस जाती है। बाल एकदम रूखे और बेजान हो जाते हैं। साथ ही पाचन भी गड़बड़ हो जाता है। चक्कर आने लगते हैं, दस्त, उल्टी के साथ बुखार, सिर दर्द भी होने लगता है। ऐसी दशा में सत्तू संजीवनी का काम करता है। धूप में घर से बाहर निकलने से पहले सत्तू का सेवन अनेक परेशानियों से बचाता है। यह लू से तो बचाता ही है, साथ ही (डायबिटीज) मधुमेह और (ब्लडप्रेशर) रक्तचाप को भी नियंत्रित करता है। इसमें मिलने वाले आयरन की मात्रा चेहरे की झुर्रियों को कम करने के साथ-साथ बालों का रूखापन हटाकर इसे झड़ने से रोकने में मददगार है। गर्भावस्था और मासिक धर्म के समय महिलाओं में पोषक तत्वों की पूर्ति करने में भी सत्तू का सेवन सक्षम है। यह वजन भी घटाता है।

**ऐसे करें सेवन:** लू लगने से बीमार व्यक्ति को सत्तू के घोल में जरा सा नमक और नीबू मिलाकर दिया जाए तो तुरंत ऊर्जा प्रदान कर शरीर को हाइड्रेट करने में मददगार होता है। इसमें मिलने वाला फाइबर पेट को साफ करता है और पाचन में सहायक है। कब्ज से परेशान लोगों के लिए तो यह रामबाण है। अपचन के लिए यह असरकारी होता है। *

-वैद्य हरि कृष्ण पांडे 'हरीश'

अगर आपकी है रचनात्मक लेखन में रुचि

अगर आप अपने आस-पास की बदलती दुनिया पर नजर रखते हैं। आप हटकर सोचते हैं, आपके भीतर विवेचन और लेखन की क्षमता है, आप पत्रकारिता-लेखन के प्रति प्रतिबद्ध हैं, तो जुड़िए दैनिक हरिभूमि से।
हमें दिल्ली में अपने फीचर विभाग के लिए आवश्यकता है-

- वरिष्ठ उप संपादक / उप संपादक
- प्रशिक्षु उप संपादक
- हिंदी टाइपिंग में कुशल ऑपरेटर भी आवेदन कर सकते हैं।

यथाशीघ्र अपना बायोडाटा मेल करें-
E-Mail: haribhoomifeaturedep@gmail.com

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित

## खबर संक्षेप

### मताधिकार का सदुपयोग करना कर्तव्यः डा. कंवर

**रेवाड़ी।** यादव कल्याण सभा ने जिलावासियों से 25 मई को छठे चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान रूपी आहुति डालकर राष्ट्रधर्म निभाने का आह्वान किया है। सभा के प्रवक्ता डा. कंवर सिंह यादव ने कहा कि देश के संविधान की ओर से प्रदत्त मौलिक अधिकारों में मताधिकार सबसे महत्वपूर्ण है, जिसका सदुपयोग करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय धर्म भी है।

### चोरों के सामने पुलिस फेल, कॉलोनी में चोरी

**रेवाड़ी।** शहर में चोरों का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि अब पुलिसकर्मियों को भी निशाना बनाने लगे हैं। सदर पुलिस थाने के साथ सटी पुलिस कॉलोनी से चोर एक पुलिसकर्मी के इन्वर्टर की बैट्री चोरी कर ले गए। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी। पुलिस कॉलोनी में रहने वाले बाबूलाल ने मॉडल टाउन थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया कि उसने अपने क्वार्टर के जीने के पास इन्वर्टर लगाया हुआ है। रात के समय चोर तार काटकर इन्वर्टर की बैट्री चोरी कर ले गए।

### अवैध हथियार के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** सीआईए धारूहेड़ा की टीम ने बस स्टैंड पर एक युवक को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ सेक्टर-6 पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कराया गया है। सीआईए को सूचना मिली थी कि बस स्टैंड पर एक आपराधिक किस्म का युवक हथियार के साथ खड़ा वाहन का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलने के बाद सीआईए की टीम तुरंत मौके पर पहुंच गई। पुलिस के पहुंचते ही एक युवक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पीछा करते हुए सीआईए ने उसे काबू कर लिया।

### पति पर दहेज प्रताड़ना व मारपीट का केस दर्ज

**कोसली।** बव्वा गांव निवासी एक विवाहिता ने नेहरूगढ़ निवासी अपने पति व सास पर दहेज प्रताड़ना, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए नाहड़ पुलिस चौकी में शिकायत दी है। विवाहिता सुरेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका विवाह फरवरी 2023 में नेहरूगढ़ गांव के रवि के साथ हुई थी। विवाह में उसके माता-पिता ने अपनी क्षमता अनुसार दान दहेज भी दिया, लेकिन उनकी सास विवाह में दिए गए दान दहेज से खुश नहीं थी तथा ताने देकर उसके पति रवि को उकसाती रहती थी।

## 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को घर से मतदान की सुविधा का दिया अवसर

# निष्पक्ष चुनाव के लिए जिला प्रशासन मुस्तैद व एसएसटी टीम कर रही कार्य

जिले में आचार संहिता की अवहेलना पर हो रही त्वरित कार्रवाई, जिला प्रशासन की संदिग्ध और फर्जी वोटर पर पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने कहा कि जिले में 25 मई को होने वाले 18वें लोकसभा आम चुनाव को लेर लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह से चाक-चौबंद है व एफएसटी व एसएसटी टीमें फील्ड में मुस्तैदी से कार्य कर रही हैं। इसके अलावा आदर्श आचार संहिता की अवहेलना पर संबंधित के खिलाफ त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जिले में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व पारदर्शी ढंग से चुनाव संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन संदिग्ध व फर्जी वोटर पर पैनी नजर बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया के मद्देनजर चुनाव से संबंधित तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा का अवसर दिया गया था। इन दोनों कैटेगरी के मतदाताओं को फॉर्म 12 डी भरना था। जिले में इन दोनों श्रेणियों के 1056 मतदाताओं ने घर से मतदान का विकल्प चुना है व ऐसे मतदाताओं के घर पर पोलिंग टीम पुलिस सुरक्षा के साथ मतदान कराने के लिए जाएगी। विधानसभा बावल व कोसली में 453-453 तथा विधानसभा रेवाड़ी में 85 वर्ष से अधिक उम्र के 150 मतदाता बुजुर्ग मतदाताओं व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं ने घर से मतदान करने का विकल्प चुना है।



रेवाड़ी। कार की डिग्गी चेक करते हुए टीम सदस्य।



फोटो :हरिभूमि

### बीएलओ घर-घर जाकर बांटेंगे वोटर स्लिप

बीएलओ वोटर इन्फोर्मेशन स्लिम को बांटेंगे का कार्य करेंगे तथा जो मतदाता इस दौरान उपलब्ध नहीं होंगे उनकी मार्किंग की जाएगी। यदि ऐसे मतदाता वोटिंग करने आते हैं तो पोलिंग ऑफिसर की ओर से उनकी गहनता के साथ जांच और वेरिफिकेशन की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की संदिग्ध और फर्जी वोटर पर पैनी नजर रहेगी ताकि मतदान के दिन कोई अनाधिकृत व्यक्ति मताधिकार का प्रयोग न करने पाए। ऐसे वोटर पर जिला निर्वाचन विभाग की विशेष नजर रहेगी।

### बॉर्डर पर टीमें कर रही मॉनिटरिंग

पुलिस विभाग की ओर से जिला में लोकसभा आम चुनाव को लेकर सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। चुनाव के दौरान अवैध शराब की सप्लाई, धनबल के प्रयोग सहित अन्य अवांछनीय गतिविधियों पर नजर रखते हुए जिले के बॉर्डर पर एफएसटी व एसएसटी सहित अन्य पुलिस प्रशासन की टीम सजगता से अपना दायित्व निभा रही हैं और जिला प्रशासन द्वारा पुलिस विभाग के साथ मिलकर सघन वाहन चैकिंग अभियान भी चलाया जा रहा है। जिले में मादक पदार्थ से लेकर नकदी के परिवहन को रोकने के लिए संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों पर विशेष व पैनी नजर रखी जा रही है। वाहनों से संबंधित दस्तावेज की भी जांच की जा रही है, ताकि वाहनों के माध्यम से अवैध सामानों की हेराफेरी न की जा सके।

### आचार संहिता की सख्ती से करें पालना

जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा आम चुनाव लड़ रहे सभी राजनीतिक दलों के प्रत्याशियों व निर्दलीय प्रत्याशियों से आह्वान किया कि वह आदर्श आचार संहिता की सख्ती से पालना करें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर चुनाव प्रचार सामग्री न लगाएं। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार से संबंधित अनुमति सुविधा एप से प्राप्त कर सकते हैं या फिर निर्धारित फॉर्म के भरकर संबंधित एआरओ कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराने में समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग जरूरी है।

## उम्मीदवारों को तीन बार देना होगा अपना आपराधिक रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

भारत निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार नामांकन प्रक्रिया पूरी होने तथा चुनाव निशान आवंटित होने के बाद जिस किसी उम्मीदवार के खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज है तो उसे मतदान की तारीख से दो दिन पहले तक तीन बार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रिंट मीडिया में इसकी सूचना प्रकाशित करानी होगी। उम्मीदवार किसी राजनैतिक पार्टी का है तो उसे पार्टी मुख्यालय को भी इस सूचना से अवगत कराना आवश्यक है, ताकि पार्टी अपनी वेबसाइट पर उम्मीदवार के आपराधिक मामलों की जानकारी दे सके। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने बताया कि मतदान से पूर्व 23 मई तक की अवधि में जिस किसी उम्मीदवार के खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज है तो उसे इसकी सूचना प्रमुख समाचार-पत्रों व टीवी चैनलों पर कम से कम तीन बार अलग-अलग तिथियों में प्रसारित करानी होगी। नामांकन के दौरान निर्वाचन आयोग के फार्म 26 में उम्मीदवार अपनी चल-अचल संपत्ति, देनदारी व आपराधिक मामले के बारे में विवरण देता है।

### डीसी हुड्डा ने दिए निर्देश

डीसी हुड्डा ने बताया कि आपराधिक रिकॉर्ड का ब्यौरा प्रकाशित होने के बाद इसकी रिपोर्ट जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में उम्मीदवार को जमा करानी है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 78 के तहत उम्मीदवार को प्रकाशित कराई गई इस घोषणा के विज्ञापन का बिल भी देना होगा, ताकि उसे उम्मीदवार के चुनावी खर्च में जोड़ा जा सके।



रेवाड़ी। चिल्ला माता मंदिर में उपस्थित श्रद्धालु।

### प्राचीन चिल्ला माता मंदिर में की पूजा-अर्चना

**कुंड।** गांव मायण स्थित प्राचीन चिल्ला माता मंदिर के प्रांगण में हर वर्ष की भांति वैशाख शुक्ल पक्ष छठ की रात से लगातार तीन दिनों तक जात लगाई गई। बुधवार को गांव छुछकवास से नवजात अर्जुन यादव की जात लगाने माता-पिता ज्योति व रविन्द्र यादव माता के दरबार में पहुंचे। इस अवसर पर मंदिर के महाराज रामदास, अक्षय सैन, पूर्व पंच मामराज चौहान, श्यामलाल, सूरज, समाजसेवी कॉमरेड पूरनमल मुद्गिल, प्रीतिपाल व दयाराम मौजूद थ। इस अवसर पर रामदास महाराज ने कहा कि हमें अपनी प्राचीन संस्कृति के सभी पहलुओं को अपनाते हुए समाज में आपसी भाईचारा कायम करना चाहिए।

## एसोसिएशन ने सेवानिवृत्त अधीक्षक का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

हरियाणा बिजली बोर्ड वेलफेयर एसोसिएशन जिला यूनिट की मासिक मिटिंग का आयोजन हरिओम अग्रसेन अस्पताल में प्रधान नरेन्द्र रोहिल्ला की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सेवानिवृत्त अधीक्षक अभियंता रणबीर सिंह का सम्मान किया गया। उन्होंने हरियाणा बिजली बोर्ड वेलफेयर एसोसिएशन की सदस्या भी ग्रहण की। संस्था के संरक्षक बुधराम पंवार, बीडी यादव पूर्व उपमंडल अधिकारी, लालचन्द चांदना, रामकिशन जेई, महेन्द्र सिंह यादव, ओमप्रकाश सोलंकी व जागेराम कट ने रणवीर सिंह को पगड़ी व फूलमाला पहनाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया। एसोसिएशन के प्रधान रोहिल्ला ने बिजली निगम की पॉलिसी कैशलेस सुविधा, कम्युटेशन व नोशनल इन्क्रीमेंट से अवगत कराया। इस मौके पर दाताराम, लालचंद, मंगलसिंह, जिलेसिंह, बाबूलाल, ओमप्रकाश, दौलतराम, गोपाला सिंह, रोशन सिंह, महावीर सिंह, अजर सिंह, छतरपाल, जय गोपाल, शमशेर व समपाल सिंह मौजूद थे।



रेवाड़ी। रणबीर सिंह का सम्मान करते हुए।

## 25 मई को मतदाताओं का स्वागत करेंगे बीएलओ

- जिले के 724589 मतदाता करेंगे प्रत्याशियों का फैसला
- बीएलओ वोटर स्लिप के साथ परिवारों को देंगे निमंत्रण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

25 मई को होने वाले 18वें लोकसभा आम चुनाव में जिले के 724589 मतदाता प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र 72-बावल, 73-कोसली व 74-रेवाड़ी में कुल वोटर की संख्या 724589 है, जिनमें 378356 पुरूष, 346225 महिलाएं व 8 थर्ड जेंडर शामिल हैं। विधानसभा क्षेत्र आंकड़ों के अनुसार बावल विस क्षेत्र में कुल 226534 मतदाता हैं, जिनमें 118279 पुरूष, 108254 महिलाएं व 1 थर्ड जेंडर, कोसली विस क्षेत्र में कुल 248574 मतदाता हैं, 129809 पुरूष, 118764 महिलाएं व 1 थर्ड जेंडर तथा रेवाड़ी विस क्षेत्र में कुल 249481 मतदाता हैं, जिनमें 130268 पुरूष, 119207 महिलाएं व 6 थर्ड जेंडर हैं। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल हुड्डा ने जिले के सभी 724589 मतदाताओं से 25 मई को लोकतंत्र का सबसे बड़ा त्यौहार मनाने और वोट अवश्य करने की अपील की है।

### प्रशासन ने किए वोट निमंत्रण पत्र तैयार



*डीसी ने बताया कि लोकसभा चुनाव चुनाव का पर्व-देश का गर्व के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरियाणा कार्यालय की ओर से अनूठी पहल की गई है, जिसमें निमंत्रण पत्र तैयार किया है कि भेज रहे हैं निमंत्रण, मतदाता तुम्हे बुलाने को, 25 को भूल न जाना वोट डालने आने को। उन्होंने बताया कि बीएलओ वोटर स्लिप के साथ उक्त निमंत्रण पत्र भी परिवार को भेजेगा। निमंत्रण पत्र के पिछली ओर किस प्रकार मतदान करना है, वह पूरी प्रक्रिया अंकित की गई है। मतदान प्रक्रिया में पांच चरण होते हैं। पहले मतदान के लिए लाइन में खड़ा होना है, उसके बात मतदान अधिकारी मतदान सूची में मतदाता के नाम और उसके पहचान के दस्तावेज की जानकारी लेगा। तीसरे चरण में मतदान अधिकारी अंगुली पर नीली स्याही लगाएगा। चौथे चरण में मतदान अधिकारी पर्ची लेगा और अंगुली पर स्याही लगे होने की पुष्टि करेगा। उसके बाद मतदाता ईवीएम पर जाकर अपना वोट डालेगा।*

### मतदाता के बिना लोकतंत्र का पर्व अधूरा : राहुल

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकतंत्र में हर वोट का महत्व होता है। कभी-कभी एक वोट भी उम्मीदवार की हार-जीत का कारण बन जाता है। इसलिए प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाता के बिना लोकतंत्र का पर्व अधूरा है। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग का कार्य निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से चुनाव प्रक्रिया पूरी कराना है। असली कार्य तो मतदाताओं को ही अपना मत डाल कर करना है। उन्होंने कहा कि जिला में सभी मतदान केंद्रों पर हीट वेव को देखते हुए अतिरिक्त प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे। मतदाताओं का स्वागत विवाह-शादी समारोह की तरह किया जाएगा, इनका स्वागत बीएलओ करेंगे जबकि उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी निवेदनकर्ता होंगे तथा पीठासीन अधिकारी व समस्त मतदान दल सदस्य दर्शनाभिलाषी होंगे। उन्होंने बताया कि मतदाता अपने उम्मीदवार की पृष्ठभूमि के बारे जानकारी लेने के लिए केवाईसी एप डाउनलोड कर सकता है।

### चार लाख व गाड़ी लेकर भागा चालक काबू

**बावल।** स्क्रैप कारोबारी की गाड़ी व चार लाख रुपये लेकर फरार हुए चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। टांकड़ी निवासी बिजेंद्र ने 8 मई को पुलिस में दर्ज शिकायत में बताया था कि वह स्क्रैप का कारोबार करता है। उसने अपनी कैंटर गाड़ी पर करीब ढाई साल पहले यूपी के मैनेपुरी के गांव सिमरूउ निवासी गोविन्द उर्फ आनन्द को चालक रखा था। चालक स्क्रैप का माल लेकर पंजाब गया था। वहां से गाड़ी व चार लाख रुपये लेकर वह वापस आ गया था। रात के समय वह गाड़ी व नकदी लेकर फरार हो गया। बाद में उसने गाड़ी व नोटों के साथ वीडियो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। पुलिस ने बिजेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने आखिरकार गोविंद को गिरफ्तार कर लिया। कैश व गाड़ी बरामद करने के लिए उसे रिमांड पर लिया गया है।

## बुजुर्गों की मौजूदगी बनाती परिवारों के सदस्यों को चरित्रवानः डॉ. नरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़



परिवार से बड़ा कोई धन नहीं है। परिवार के बिना जीने की कल्पना नहीं की जा सकती है। संयुक्त परिवार की अपनी एक अलग गरिमा और महत्व होता है, जोकि युवा पीढ़ी को अच्छे संस्कार व चरित्रवान बनाने में पूरा सहयोग प्रदान करता है। बुजुर्ग परिवार का कवच होता है। बुजुर्गों की उपस्थिति से संयुक्त परिवार में प्रत्येक सदस्य चरित्रवान बना रहता है। किसी समस्या के समय सभी परिजन उसका साथ देते हैं और कोई भी सदस्य बड़े बुजुर्गों के भय के कारण सामाजिक गतिविधियों में लिप्त होने से डरता है तथा बुजुर्गों के भय के कारण शराब जुआ या अन्य कोई नशा जैसी बुराइयों से भी बचा रहता है। संत डेरा समन्वय विभाग के जिला सह प्रमुख डा. नरेश शर्मा ने विश्व परिवार दिवस पर युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के बदलते सामाजिक परिवेश में संयुक्त परिवार तेजी से टूट रहे हैं और उनकी जगह एकल परिवार लेते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज युवा बहुत व्यस्त तनावपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें अपनों के प्यार स्नेह एवं अपनेपन की आवश्यकता है।

## आरपीएस के भव्य ने प्राप्त किए शत प्रतिशत अंक

- स्कूल के 14 विद्यार्थियों ने गणित में 100 प्रतिशत अंक हासिल किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्रबंधन समिति।

आरपीएस स्कूल रेवाड़ी ने सीबीएसई के परीक्षा परिणाम में श्रेष्ठतम प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहराया है। हाल ही में सीबीएसई बोर्ड की ओर से दसवीं कक्षा के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें आरपीएस स्कूल के 14 विद्यार्थियों ने गणित में 100 में से 100 अंक हासिल किए, सामाजिक विज्ञान में पांच विद्यार्थियों, विज्ञान में दो विद्यार्थियो और इनफॉरमेशन टेक्नालॉजी में एक विद्यार्थी ने 100 में से 100 अंक हासिल किए। स्कूल के छात्र भव्य सतीजा ने आईटी, सामाजिक विज्ञान, गणित और विज्ञान में शत प्रतिशत अंक लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। भव्य सतीजा के 99.40 प्रतिशत अंक के साथ-साथ 5 अन्य विद्यार्थियों ने भी 98 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। आरपीएस स्कूल रेवाड़ी में 70 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक व 224 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करके क्षेत्र में अपने स्कूल व अभिभावकों का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर आरपीएस संस्था की चेयरपर्सन डा. पवित्रा राव एवं संस्था के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने प्रधानाचार्य विक्रम यादव, विद्यालय के डीन राकेश वशिष्ठ, शैक्षणिक डीन ईश ढींगरा व विंग हेड नरेश यादव सहित सभी शिक्षकों को श्रेष्ठतम परिणाम के लिए बधाई दी। प्रधानाचार्य विक्रम यादव ने विद्यार्थियों व अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि आरपीएस संस्था विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

## लुखी स्कूल में फिर से नामांकन अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़



रेवाड़ी। नए विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए शिक्षक।

हरियाणा शिक्षा बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लुखी ने एक बार पुनः नामांकन अभियान को गति देना शुरू कर दिया है। स्कूल की ओर से बुधवार को गांव बिसोहा एवं गढ़ी में डोर-टू-डोर नामांकन अभियान चलाकर कक्षा 11वीं में 11 में नए दाखिले किए गए। स्कूल स्टाफ ने सभी नए विद्यार्थियों के विद्यालय में प्रथम आगमन पर फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। प्राचार्या उमा ने कहा कि विद्यालय की छात्र संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है साथ ही विद्यालय में गत वर्ष से विज्ञान संकाय भी शुरू हो चुका है। उन्होंने बताया कि हाल में जारी हुए बोर्ड परीक्षाओं में विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन किया है। नव प्रवेशी विद्यार्थियों के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम का संयोजन राजकीय उच्च विद्यालय बिसोहा में कार्यरत प्रवक्ता एवं विद्यालय प्रभारी रामकिशन यादव व उमेद सिंह डीपीई ने किया।

## ग्रामीणों से मतदान के लिए किया आह्वान

- जिलेभर में प्रभावी रूप से जारी हैं स्वीप गतिविधियां, 25 मई तक चलेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। ग्रामीणों को संकल्प दिलाते हुए कलाकार

लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक करने व मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रचार टीम के कलाकार सहित जिला प्रशासन विभिन्न विभागों के सहयोग से स्वीप अभियान चलाया जा रहा है। विभाग के पार्टी कलाकार ढोलक, चिमटा व हारमोनियम की धुनों पर लोकतंत्र की सशक्त तस्वीर-उंगली पर नीली लकीर, सुण ल्यो भाई सारे, वोट डाल कै आणा सै, अपणे हाथां तै थमनै भारत का भाग्य बनाना सै... जैसे मतदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने वाले गीत व भजन गाते हुए लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। भजन मंडली कलाकारों ने बुधवार को बवाना गुर्जर, टींट, कुंडल, खोरी, प्राणपुरा, रानोली, नांगल तेजू व नांगल उगरा गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से मतदान करने के लिए आह्वान किया। इस दौरान मतदाताओं को मतदान करने का संकल्प भी दिलाया गया।

### खनन कारोबारी को पिस्टल दिखाकर धमकाया

**धारूहेड़ा।** एमटूके सोसायटी में रहने वाले एक खनन कारोबारी का पीछा करते हुए पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। कारोबारी ने पुलिस विभाग से पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की है। पुलिस शिकायत में सीए आशीष यादव ने बताया कि उसने खनन का नया कारोबार शुरू किया है। उसके पास कोलायत के बीकानेर में बॉल क्ले और सिलिका सैंड की 21 खदानें हैं। वह राजस्थान में पड़ने वाले एनएच-71 से अपने भाई के घर से अपने घर आ रहा था। भिवाड़ी रोड गोलचक्र के उसका पीछा कर रही स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार लोगों ने उसे पिस्टल और अन्य हथियार दिखाते हुए धमकी दी कि यह उनका एरिया है।

**कार्यक्रम** तीन दिन में निवारक कार्यवाही के तहत 20 लोग किए गिरफ्तार

## लोकसभा चुनावों को लेकर पुलिस अलर्ट पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की दिशा में अभी से पुलिस ने कड़े कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। पुलिस तीन दिन के दौरान मतदान के दौरान गड़बड़ी करने की आशंका वाले 20 लोगों को पुलिस थानों के दर्शन करा चुकी है। उन्हें सीआरपीसी की धारा 107/150 के तहत गिरफ्तार करने के बाद बाउंड किया गया है। जल्द ही अन्य लोगों की गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं। एसपी शशांक कुमार सावन ने सभी थाना व चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे लोगों की पहचान करें, जो लोकसभा चुनावों के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास कर सकते हैं। एसपी के आदेशों को अमलीजामा पहनाते हुए पुलिस ने इस तरह के लोगों की धरपकड़ तेज कर दी है। तीन दिन के दौरान कसोला पुलिस ने 18 और बावल थाना पुलिस ने ऐसे 2 लोगों को गिरफ्तार करने के बाद बाउंड किया है। पुलिस ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे लोगों की पहचान कर रही है, जो शराब के नशे में अक्सर लोगों की शांति भंग करने का काम करते हैं।

### आपराधिक प्रवृत्ति वालों पर नजर



*एसएचओ शिव दर्शन ने बताया कि क्षेत्र में झगड़ालु व आपराधिक किस्म के लोगों की पहचान करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है, ताकि यह लोग लोकसभा चुनाव के दौरान शांति भंग करने का काम नहीं कर सकें। नशाखोर और झगड़ा करने की प्रवृति वाले लोगों पर पुलिस की खास नजर है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में ऐसे और लोगों की निवारक कार्यवाही के तहत गिरफ्तारी हो सकती है। पुलिस प्रशासन चुनावों तक शांति व्यवस्था सुचारू बनाए रखने की दिशा में काम कर रहा है।*

## खबर संक्षेप



### मंदिर में चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने किशनगढ़ के मंदिर में चोरी करने के दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गांव के मंदिर का दानपात्र चोरी होने के बाद ग्रामीणों ने दूसरे मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की थी। उसमें रसूली निवासी कपिल व एक अन्य युवक दिखाई दिए थे। पुलिस ने एक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया था। बाद में कपिल को भी गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया।

### घर में घुसकर मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 19 अप्रैल को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। जांच के बाद पुलिस ने नया गांव जाटों वाला निवासी हरेंद्र उर्फ अजय को गिरफ्तार कर लिया। तफ्तीश में शामिल करने के बाद आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### बाइक की टक्कर लगने से एक घायल

**कोसली।** नेहरूगढ़ में बाइक की टक्कर लगने से एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस बयान में बिक्रम ने बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ा हुआ था। इसी दौरान एक बाइक चालक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। बाइक चालक उसी के गांव का रहने वाला है। टक्कर मारने के बाद वह फरार हो गया। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

### टूमना स्कूल के परिणाम में आरजू बनी टॉपर

**नाहड़।** शहीद होशियार सिंह राजकीय उच्च विद्यालय टूमना का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित दसवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। विद्यालय के सभी 11 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। कुमारी आरजू ने 453 अंक लेकर स्कूल में प्रथम, कुमारी अंजनी व पायल ने 438 अंक के साथ द्वितीय तथा प्रिंस ने 436 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि पर सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कोसली अस्पताल में अल्ट्रासाउंड सुविधा शुरू

**कोसली।** कोसली नागरिक अस्पताल में एक्स-रे मशीन की सुविधा शुरू होने के बाद अब गर्भवती महिलाओं के लिए निःशुल्क अल्ट्रासाउंड की सुविधा भी उपलब्ध हो गई है। अस्पताल के एसएमओ डॉ. जयपाल ने बताया कि अस्पताल ने स्थानीय गर्ग अल्ट्रासाउंड से टाई अप किया है, जिसके अंतर्गत अस्पताल में आने वाली गर्भवती महिलाओं का 12 से 14 सप्ताह का गर्भ होने के बाद अल्ट्रासाउंड कराया जाता है। अल्ट्रासाउंड गर्ग अल्ट्रासाउंड सेंटर से कराया जाएगा तथा इसके लिए महिलाओं को कोई शुल्क नहीं देना होगा।

---

### सदर पुलिस क्वार्टरों की भी सुधरेगी दशा

# मॉडल टाउन थाने की जर्जर बिल्डिंग की मरम्मत का कार्य शुरू

- एडवोकेट सुनील भार्गव ने फरवरी में मुख्यमंत्री, डीजीपी व पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन एमडी को दी थी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी





रेवाड़ी। मॉडल टाउन थाने की बिल्डिंग का चल रहा कार्य तथा मॉडल टाउन थाने की जर्जर बिल्डिंग का फाईल फोटो। फोटो :हरिभूमि

पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन ने मॉडल टाउन थाने की जर्जर बिल्डिंग की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है। थाने की पूरी बिल्डिंग पिलरों पर टिकी हुई है, उन पर जगह-जगह दरारें आ गई थी, जिससे बिल्डिंग कभी भी गिरकर हादसे को अंजाम दे सकती है। थाने के अंदर करीब 60 पुलिस कर्मचारी कार्य करते हैं। बिल्डिंग के छज्जे भी जर्जर होकर टूटकर गिर रहे थे। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं सीएलजी कमेटी के चेयरमैन सुनील भार्गव एडवोकेट ने मॉडल टाउन थाने की जर्जर बिल्डिंग को लेकर फरवरी माह में मुख्यमंत्री, डीजीपी हरियाणा व एमडी हरियाणा पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन को भेजी थी। इससे पहले एडवोकेट ने सदर थाने के जर्जर क्वार्टरों को लेकर भी शिकायत की थी। पुलिस क्वार्टरों में 70 से 80 परिवार रहते हैं, उनके पिलरों में भी दरार आ गई है और जगह-जगह छज्जे टूट गए हैं। क्वार्टरों से पानी टपकता है। क्वार्टरों की बिल्डिंग कभी भी गिरकर जानमाल की हानि कर सकती है। एडवोकेट भार्गव की शिकायत पर डीजीपी हरियाणा व पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन ने संज्ञान लेकर मॉडल टाउन थाने की बिल्डिंग व सदर क्वार्टरों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है।

#### सुचारू रूप से चल रहा मरम्मत का कार्य

एडवोकेट भार्गव ने बताया कि पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन की ओर से जर्जर सदर पुलिस क्वार्टरों व मॉडल टाउन थाने के भवन की मरम्मत का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। उन्होंने बताया की सदर पुलिस क्वार्टरों के लिए फाइनेंस कमेटी ने एक करोड़ 60 लाख रुपए की राशि मंजूर की है, लेकिन लोकसभा चुनाव आचार संहिता होने के कारण इस पर अभी फैसला नहीं हो पाया है, लेकिन एमडी पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन ने एक्सईएन रेवाड़ी को आदेश दे दिए हैं कि वह मॉडल टाउन थाने की बिल्डिंग के साथ-साथ सदर क्वार्टरों के भवन की मरम्मत कराएं। सुनील भार्गव एडवोकेट ने दोनों कार्य कराने के लिए मुख्यमंत्री, डीजीपी व एमडी पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि बिल्डिंग के ठीक होने से पुलिस विभाग के कर्मचारियों की जानमाल की रक्षा हो सकेंगी।



एडवोकेट सुनील भार्गव।

---



## उल्टा चश्मा

नरेंद्र वत्स

### जब आंधी ने उड़ा दिया रैली का टैंट

बुधवार को एमपी के सीएम मोहन यादव के बेरली आगमन पर रैली के लिए लगाया गया टैंट उस समय उड़ने लगा, जब आंधी का तेज झोंका आ गया। सीएम के आगमन से कुछ समय पहले हुई इस घटना से रैली स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। मंच पर उस समय तक डा. अरविंद यादव और वीर कुमार ही मौजूद थे। टैंट को आनन-फानन में ठीक कराया गया। मंच पर मौजूद नेताओं ने आंधी के झोंके को भी भाजपा प्रत्याशी के लिए अनुकूल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इन नेताओं ने कहा कि आंधी इस बात का इशारा कर रही कि भाजपा के पक्ष में भी मतदान की आंधी लाकर पार्टी प्रत्याशी को कोसली से रिकॉड मतों से जिताओ।



### मंच पर अलग-थलग नजर आए ठेकेदार

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से राजनीतिक दूरी बनाकर एक ठेकेदार असहज स्थिति का सामना करने को मजबूर हैं। राव समर्थकों ने ठेकेदार साहब को खुद से दूर कर दिया, तो भाजपा के दूसरे नेता भी उन्हें गले लगाने को तैयार नहीं हैं। ठेकेदार साहब 'बिन बुलाए मेहमान' की तरह अग्रणी भूमिका निभाने का प्रयास तो करते हैं, परंतु उन्हें पार्टी नेताओं की ओर से कोई तवज्जो नहीं दी जाती। बेरली में आयोजित रैली में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। पार्टी के कई नेता सीएम मोहन यादव के आगमन से पहले साथ-साथ बैठे नजर आए, तो बीच में कई कुर्सियां छोड़कर ठेकेदार काफी दूर अलग बैठे शायद खुद के भूत और भविष्य की चिंता में लीन नजर आए।

### और दीपू भाई को आ गया चुनावी बुखार

कोसली हलके में दीपू भाई पिछले लोकसभा चुनावों में बड़ी मात खा गए थे। इस बार उन्होंने इस हलके पर पूरा जोर लगाया हुआ है। उनके



बुधवार को कोसली हलके के डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों में चुनावी दौरे फाइनल हो गए थे। सुबह 9 बजे से गांवों में पहुंचने का सिलसिला शुरू होने वाला था। कई गांवों में स्वागत की तैयारियां की गईं। बाद में पता चला कि दीपू भाई को वायरल हो गया है। स्वागत का इंतजार कर रहे लोगों ने बोहरा जी के पास फोन घनघनाने शुरू कर दिए। दोपहर बाद सूचना आई कि बुखार कुछ कम हो गया है। प्रतिद्वंद्वी के लिए वोट मांगने एमपी के सीएम आ रहे थे। कहीं मोहन का दौरा तो बुखार का कारण नहीं बन गया।

### तो सर्कस के शेर साबित नहीं हो जाएं 'बब्बर'



बब्बर भाई को कांग्रेस ने टिकट देकर मैदान में तो उतार दिया, परंतु समय कम होने के कारण हलके के सभी गांवों में दौड़ लगा पाना उनके लिए मुश्किल साबित होने लगा। समय कम होने के कारण वह प्रमुख गांवों के नाम तक भी नहीं जान पाए हैं। कांग्रेस के पुराने धुरंधर उन्हें जिधर घुमा रहे हैं, वह उधर ही घूम रहे हैं। समूचे लोकसभा क्षेत्र में इतने कम समय दौड़ लगा पाना आसान नहीं है। अब चुनिंदा गांवों की दौड़ ही लगवाई जा रही है। चंद नेता उन्हें बड़ी जीत के सब्जबाद दिखा रहे हैं, परंतु हालात उनके लिए सामान्य नजर नहीं आ रहे। बब्बर की दहाड़ सुनने को बेताब लोग अब यही चर्चा करने लगे हैं कि वह कहीं सर्कस के शेर साबित नहीं हो जाएं।

### परिस्थितियां बदलते ही आई जान में जान

राव साहब पिछले कुछ दिनों से लोकसभा चुनावों के समीकरणों को लेकर काफी बेचैन से नजर आ रहे थे। बाद के चरण में चुनाव होने के कारण उन्हें अजीब सी आशंका सता रही थी। इस बात का डर था कि विरोधियों को प्रोपगंडा करने में काफी समय मिल रहा है। कुछ ऐसा नहीं हो जाए, जिससे उन्हें जवाब देना भारी पड़ जाए। सब कुछ अनुकूल होता चला गया। मनमाफिक प्रतिद्वंद्वी मिल गया। जब यह लगने लगा कि सामने वाला प्रत्याशी सवा शेर साबित नहीं होगा, तो शेर की दहाड़ पूरे अहीरवाल में गूंजने लगी। खुद की जीत सुनिश्चित मानते हुए सभी चिंताएं छोड़कर चेतावनी देने लगे हैं कि चुनावों के बाद विरोधियों से भी प्रमुखता से निपट लेंगे।

### आखिर कौन देगा दर्द-ए दिल की दवा

टिकट कटने की दर्द दिल से कम होने का नाम नहीं ले रहा। कप्तान साहब का दर्द कहीं न कहीं छलक ही जाता है। इस दर्द के भी बड़े मायने हैं। काफी समय से चुनाव की तैयारी में लगे हुए थे। गांव-गांव जाकर अपने और पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। राजनीति की फसल को जमकर सींचा। जब कटाई का समय आया, तो फसल कोई और काट ले गया। पार्टी के साथ बगावत करना फितरत में नहीं है। जिसे टिकट मिली, उसका इमानदारी से दावा कर रहे हैं, परंतु समर्थकों के बीच टिकट कटने का दर्द आखिकार छलक ही जाता है। अहीरवाल के इस दिग्गज नेता को सुकून देने के लिए दर्द-ए दिल की दवा कौन देगा, यह समय बताएगा।

---

## कांग्रेस नेता फिर करने लगे खर्ची-पर्ची की बात : अरविंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस शासन काल के दौरान अगर ईमानदारी से काम किया होता तो आज सार्वजनिक मंचों पर हुड्डा परिवार को इस तरह असहज नहीं होना पड़ता, लेकिन दस साल तक तो उन्होंने किसी की सूध नहीं ली और परिवारवाद को बढ़ावा दिया। यहां तक कि खर्ची-पर्ची को आज भी लोग नहीं भूले हैं। नौकरी पाने के लिए लोगों ने अपनी जमीन-जायदाद तक बेची है। देश की जनता को यह भी पता है कि यह चुनाव प्रधानमंत्री चुनने का है ना कि मुख्यमंत्री चुनने का, लेकिन पूर्व सीएम हुड्डा एक ही बात को बार बार दोहराते हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने का रास्ता तय होगा। साफ है कि झूठ का सहारा लेकर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन देश व प्रदेश की जनता को मोदी सरकार की गारंटी पर पूरा भरोसा है और भाजपा चार सौ पार का आंकड़ा पार करेगी।

बुधवार को भाजपा सांसद अरविंद शर्मा ने झज्जर के कई गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि वे चार बार सांसद चुने गए हैं और उन्होंने पूरी ईमानदारी के साथ काम किया है कांग्रेस नौकरी के लिए खर्ची-पर्ची चलती थी, आज उसी का परिणाम है कि कांग्रेस नेताओं को जनता के सामने रोना पड़ रहा है। सांसद अरविंद शर्मा ने कहा कि मोदी की नीतियों के चलते ही आज भारत को विश्व में अलग पहचान मिली है, प्रधानमंत्री मोदी की ही गारंटी है, जोकि अंतिम पंक्ति में खडे व्यक्ति को योजनाओं को लाभ मिल रहा है।

## उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले विद्यार्थी सम्मानित

- प्रथम स्थान पर शुभम, द्वितीय रोहन डागर व तृतीय स्थान पर आर्यन रहा
- सैनिक स्कूल के परिणाम में भी अकेडमी के छात्र अव्वल रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

सीबीएसई बोर्ड की ओर से जारी 10वीं कक्षा के नतीजों में मार्टिर जी आर अकेडमी के छात्रों का परिणाम शत-प्रतिशत रहा हैं। दो छात्रों को छोड़कर सभी विद्यार्थी मेरिट में रहे। प्रथम स्थान पर शुभम, द्वितीय रोहन डागर व तृतीय स्थान पर आर्यन रहा। गत माह सैनिक स्कूल के परिणाम में भी अकेडमी के छात्र अव्वल रहे थे। सैनिक स्कूल में नमन ने एआईआर 41 लेकर न केवल अकेडमी का बल्कि राज्य का भी नाम रोशन किया। सैनिक स्कूल, मिलिट्री स्कूल व गुरुकुल की परीक्षा में 86 छात्र उत्तीर्ण हुए। अकेडमी की संचालिका प्रवीण कुमारी ने बताया कि विद्यार्थियों के व्यवहार में परिवर्तन लाकर भविष्य में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाना ही संस्था का उद्देश्य है।

#### प्राची ने प्राप्त किए 95 प्रतिशत अंक

मायन स्थित ब्राइट फ्यूचर स्कूल का 10वीं कक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। मायन गांव की छात्रा प्राची 95 प्रतिशत अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान पर रही। अभिषेक व प्रवीण 91 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान पर रहे। स्कूल के 90 प्रतिशत छात्र मेरिट में आए है। स्कूल निदेशिका प्रवीण यादव ने मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि स्कूल की शिक्षण शैली में परिवर्तन कर कुछ नए स्किल्स डव्लपमेंट प्रोग्राम चलाए गए है।

## मेरिट में आने वाले विद्यार्थी सम्मानित




रेवाड़ी। स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

राजकीय माध्यमिक विद्यालय नंदरामपुर बास गांव के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल, अध्यापकों व अभिभावकों का नाम रोशन किया है। बुधवार को मेरिट में आए विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। मेधा सूची में आए विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्कूल के 37 विद्यार्थियों ने मेधा सूची में नाम दर्ज कराया है। विद्यालय प्राचार्य अजय सिंह यादव ने मेरिट में आने वाले एवं उत्तीर्ण हुए सभी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने अभिभावकों से ज्यादा से ज्यादा बच्चों का सरकारी स्कूल में दाखिला कराने की अपील भी की। इस अवसर पर राजेश कुमार, सीमा, प्रदीप, किशोर, महेंद्र, देवेंद्र, दीपक सिंह, अजय सिंह, लता, पार्वती, कविता व संतोष सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।

## युवाओं को मिलेगा रोजगार : दीपेंद्र हुड्डा

- फौजियों की खान माने जाने वाले कोसली में अग्निपथ से बढ़ी बेरोजगारी : दीपेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक



सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने बुधवार को कोसली हलके में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने अग्निपथ योजना और कौशल रोजगार निगम से युवाओं को बेरोजगारी के गर्त में पहुंचा दिया। फौजियों की खान माने जाने वाले कोसली में अग्निपथ योजना ने बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी। आज हर घर में पढ़ा लिखा नौजवान बेरोजगार है। पिछले 10 वर्षों के भाजपा राज में यहां न तो कोई बड़ी परियोजना आई न नया निवेश या उद्योग लगा। दीपेंद्र हुड्डा ने भरोसा दिया कि कांग्रेस सरकार बनने पर क्षेत्र के युवाओं के लिए आईएमटी मानेसर की तर्ज पर कोसली में औद्योगिक क्षेत्र (आईएमटी) स्थापित किया जाएगा, ताकि क्षेत्र के युवाओं को रोजगार मिले। इसके अलावा, कांग्रेस सरकार बनने पर अग्निपथ योजना खत्म कर रेगुलर भर्ती शुरू करेंगे, पहले से भर्ती अग्निवीरों को पक्का करेंगे। कोसली हलके के गांव भोतवास अहिर, बंगडवा, माखरीया, जाडरा, देहलावास, गुलाबपुरा, भटेडा, रोलियावास, आलियावास, नांगल (मुंदी), चौकी नंबर-2, कुमरोधा, मोतला खुर्द, सीहा, लुहाना, धवाना, मंदोला, बोहका, ऊंचा, ढाणी जरावत, निमोठ, जैनाबाद, ढाणी ठेठराबाद, डहीना, कंवाली, नांगल खेड़ी, दखोरा, खेड़ी, रामगढ़, ढाणी बालधन, गोठड़ा, लिसान, कारोली, बव्वा,बिसोवा, बहाला, नया गाँव (जाट), गढ़ी, मुमताज़पुर, भडंगी, झोलरी, खुर्शीद नगर आदि इलाकों में उनका चुनावी कार्यक्रम था। उन्होंने कहा कि दक्षिण हरियाणा का ये ऐसा इलाका है जहां फौज में भर्ती होना गौरव की बात मानी जाती है। यहां हर घर में फौजी हैं, यहां के हर गांव में किसी न किसी ने अपनी शहादत दी है।

---

### हाईमास्ट से पार्क भी होंगे रोशन

# कोसली के सेक्टर में लगेंगी स्ट्रीट लाइटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली



रेवाड़ी। एचएसवीपी के अधिकारियों का स्वागत करते हुए।

कोसली स्थित एसएसवीपी के एमटीएस सेक्टर का गुरुग्राम डिवीजन के कनिष्ठ अभियंता विनोद कुमार, ठेकेदार सुनील व हरिओम ने दौरा किया। इस अवसर पर आरडब्लूए के पदाधिकारी भी मौजूद थे।

आरडब्ल्यूए के प्रधान विरेंद्र झाडोदिया व उपप्रधान यादराम नंबरदार ने आगंतुकों का स्वागत किया। कनिष्ठ अभियंता विनोद ने बताया कि कोसली सेक्टर के लिए जनवरी महीने में स्ट्रीट लाइट्स का टेंडर हुआ था। सेक्टर कोसली में इस सप्ताह आवश्यकता अनुसार मुख्य मार्गो, घरों के आसपास व सेक्टर की कमर्शियल साइट में नई स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएगी, साथ ही सेक्टर के दोनों पार्कों में हाईमास्ट लाइट्स भी लगाई जाएगी तथा बिजली से संबंधित समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

पूर्व प्रधान राकेश शास्त्री ने विनोद जेई और इलेक्ट्रिकल विभाग एचएसवीपी का सोसायटी की ओर से धन्यवाद किया। पूर्व प्रधान ने बताया कि सेक्टर में पहले 50 के करीब स्ट्रीट लाइटें लगी हुई है, जोकि पर्याप्त नहीं है, जिससे सेक्टर में अंधेरा रहता था। अब सेक्टर में करीब 80 स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी।

# कैंप में 35 लोगों ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी




रेवाड़ी। शिविर में रक्तदान करते हुए रक्तदाता। फोटो : हरिभूमि

जिओ गीता संस्था की ओर से बुधवार को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के जन्मदिन को प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। जिओ गीता के जिला संयोजक नवीन अरोड़ा और सभी सेवकों ने कुतुबपुर स्थित गोशाला में गोसेवा की व छबील लगाकर मीठा जल पिलाया। इसके बाद जिओ गीता, रोटरी क्लब रेवाड़ी रॉयल्स और श्री श्याम दीवाना मंडल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर-1 सोलहराही स्थित श्री श्याम मंदिर प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 10 महिलाओं सहित 35 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रोटरी क्लब के जन सम्पर्क अधिकारी याद के सुगंध ने बताया कि एसजेएमसी ब्लड बैंक ने शिविर में रक्त एकत्रित किया। क्लब के प्रधान मनोज यादव ने कहा कि सभी को रक्तदान करना चाहिए, रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। किसी भी जरूरतमंद को इससे जीवन दान मिलता है। सभी रक्तदाताओं को अल्पाहार व उपहार देकर सम्मानित किया गया। श्याम दीवाना मंडल के प्रधान जितेंद्र वर्मा ने बताया कि कोई भी व्यक्ति, जिसकी उम्र 18 से 25 वर्ष हो तथा वजन कम से कम 45 किलो व होमोग्लोबिन 12.5 से ज्यादा है, वह रक्तदान कर सकता है। इस अवसर पर रोटरी क्लब से नवीन अरोड़ा, मीनाक्षी अरोड़ा, दीपक गुप्ता, प्रदीप नरूला, प्रीति धींगड़ा, ऋतु आहूजा, श्याम दीवाना मंडल से सचिव नवनीत सोनी, मुकेश वर्मा, गौरव खीरबाट, जतिन चक्रवर्ती, संजय अग्रवाल, सोनू वर्मा, उमेश, नरेश गुलयानी और एसजेएमसी ब्लड बैंक से स्त्यनारायण, मनीषा, संदीप व सुरेन्द्र मौजूद थे।